संक्षिप्त

मुख्यमंत्री को पत्र लिखा

अलवर। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की मालाखेड़ा व उमरैण में सार्वजनिक निर्माण विभाग का क खंड कार्यालय नवसृजित कराने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखा है। जूली ने बताया कि दोनों ही पंचायत समिति वर्तमान में सार्वजनिक निर्माण विभाग खंड अलवर के अधीन आती है जबकि उमरैण और मालाखेड़ा दोनों ही पंचायत समिति भौगोलिक दृष्टि से काफी बड़ी है। उन्होंने बताया कि अलवर खंड कार्यालय अलवर के अधीन अलवर शहरी क्षेत्र व अलवर मुख्यालय स्थित राजकीय आवासीय भवन भी इस खंड कार्यालय के अधीन आते हैं जिससे अलवर मुख्यालय स्थित खंड कार्यालय के अधिशाषी अभियंता को मालाखेड़ा व उमरैण पंचायत समिति क्षेत्र के अंतर्गत स्वीकृत निर्माणधीन कार्यों की निगरानी के लिए पर्याप्त समय नहीं मिलता जिससे निर्माण कार्यों की समयबद्ध आवश्यकतानुसार निगरानी के अभाव में गुणवत्ता पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है।

फसल बीमा योजना की दी जानकारी

निवाई। सांख्यिकी व कृषि सांख्यिकी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में तहसील में प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत एक दिवसीय तहसील स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। सांख्यिकी विभाग निरीक्षक डॉ. कोमल सोनी ने बताया कि शिविर में मौजूद पटवारियों, गिरदावरों, कृषि पर्यवेक्षकों व सहायक कृषि अधिकारियों को प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना की जानकारी देते हुए योजनान्तर्गत ऑन लाईन व ऑफ लाईन प्रयोगों को करने के लिए दिशा निर्देश दिए गए। रिलायंस जनरल इन्श्योरेंस कम्पनी प्रतिनिधियों ने फसल कटाई का प्रशिक्षण देते हुए फसल कटाई प्रयोगों मे आने वाली समस्याओं एवं उनके निराकरण करने की जानकारी दी।

दिव्यांग सहायता शिविर 24 से

निवाई। श्री महावीरप्रसाद जैन धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट निवाई के तत्वावधान में तीन दिवसीय जिला स्तरीय नि:शुल्क दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन अठावाल सेवा सदन में किया जाएगा। पालिका उपाध्यक्ष जितेन्द्रकुमार चंवरिया व राकेश चंवरिया ने बताया कि पूर्व मुख्य सचेतक महावीरप्रसाद जैन की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर 24 से 26 फरवरी तक सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक शिविर आयोजित किया जाएगा।

लोक अदालत की तैयारी

निवाई। स्थानीय न्यायालय में तालुका विधिक सेवा समिति निवाई की बैठक अध्यक्ष अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सृष्टि चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में 8 मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में एडीजे सृष्टि चौधरी ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में बिजली व पानी से संबन्धित विवाद, बैंकों के धन वसूली विवाद सहित कई संबंधित विवादों का निपटारा किया जाएगा।

तीये की बैठक



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय पिताजी **श्री शोभराज गोपलानी** का स्वर्गवास 17.02.2025 को हो गया है। जिनकी तीये की बैठक 19.02.2025 को सायं 4:00 बजे शिकारपुरी धर्मशाला सिंधी पंचायत स्कूल के सामने इंदिरा बाजार में रखी गयी है।

शोकाकुल- राजकुमार- नेहा गोपलानी, भगवानदास- सुनीता गोपलानी (पुत्र-पुत्रवधु) कविता- साजनदास मोटवानी (बहन- बहनोई) लक्ष्मी- सुमित केसवानी (पुत्री- दामाद) करन, विजय, देव, हर्षा (पौत्र, पौत्री) एवं समस्त गोपलानी परिवार। R.B Fashion:- 9214608886, H.K Fashion:- 9352722512, K.K Fashion 9602648147

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

पलाई कस्बे में मूलभूत समस्याओं को लेकर विधायक से मिले ग्रामीण

चौरु । उनियारा उपखंड कस्बे के पलाई ग्राम पंचायत मुख्यालय पर व्याप्त समस्याओं को लेकर ग्रामीणों के प्रतिनिधि मंडल जनसेवक व बूथ अध्यक्ष शेरसिंह सोलंकी के नेतृत्व में मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र गुर्जर से मिलकर निराकरण करवाने का आठाह किया।

मंगलवार को पलाई के बूथ अध्यक्ष शेर सिंह सोलंकी, पूर्व सरपंच सोहनलाल धाकड, रामदेव मीणा पूर्व वार्डपंच, लोकेश पांचाल, भगवान माली, मुकेश सैनी, मुकेश धाकड, दिलीप सिंह नरुका सरपंच कचरावता, ककोड़ मंडल अध्यक्ष महावीर गुर्जर, रामभरोस कोली, विष्णु जांगिड आदि ने टोंक में विधायक राजेंद्र गुर्जर के कार्यालय पर भेंट कर उन्हें पलाई में व्याप्त समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया। जिसमें प्रमुख रूप से उनियारा से देवली वाया पलाई नगरफोर्ट बस सेवा चलवाने, ग्राम पंचायत पलाई में कचरे की गाड़ी लगवाने व कचरा पात्र रखवाने, रोडवेज बसों को पलाई बस स्टैंड होकर चलवाने, नगरफोर्ट रोड से करायाली नाड़ी से नहर होकर तुम्बीपूरा तक डामरीकरण सड़क निर्माण करवाने, पलाई बस स्टेण्ड से तेजाजी मंदिर से ट्यूबवेल होकर 148 तक सीसी रोड़ एवं नाली निर्माण करवाने, ग्राम पंचायत पलाई में बालिका विद्यालय व आधुनिक लाइब्रेरी खुलवाने, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में अतिरिक्त कमरे निर्माण एवं खेल मेदान से विधुत पोल हटवाने एवं विद्यालय में गणित, कृषि संकाय खुलवाने, कला वर्ग में भूगोल आदि विषय खुलवाने, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सुविधाएं बढाने, राजकीय पशु चिकित्सालय में रिक्त पद भरने एवं भवन निर्माण की स्वीकृति कराने ,बीसलपुर पेयजल योजना का उच्च जलाशय निर्माण कराने, पलाई ग्राम में पक्का नाला निर्माण करवाने आदि समस्याओं के निराकरण करवाने का आग्रह किया ।इस पर विधायक ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही उनकी समस्याओं का निराकरण करवाकर समाधान किया जाएगा।

- **पंचायत पलाई में बालिका विद्यालय व आधुनिक लाइब्रेरी खुलवान की मांग की**



पलाई ग्राम पंचायत मुख्यालय पर व्याप्त समस्याओं को लेकर ग्रामीणों का प्रतिनिधि मंडल क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र गुर्जर से मिला।

'शिक्षा के क्षेत्र में विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी'

निवाई। उपखंड क्षेत्र के राउमावि मूंडिया में वार्षिक उत्सव एवं विदाई समारोह का आयोजन हुआ। समारोह के अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा, विशिष्ट अतिथि पंचायत समिति सदस्य मुरलीधर मीणा, एसडीएमसी सदस्य चिरंजीलाल वर्मा, मुकेश मीणा, पंचायत प्रशासक कस्तूरी देवी सहित ग्रामीण क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिक मौजूद रहे। विधायक रामसहाय वर्मा द्वारा विद्यालय विकास हेतु ओपन सभागार निर्माण करवाने का आश्वासन दिया और विद्यालय विकास की दृष्टि से अपना हर संभव प्रयास करने का वादा किया। इस अवसर पर विधायक वर्मा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में अनेक योजनाएं लेकर आ रही हैं। इस दौरान कक्षा 12 के छात्रों ने विदाई के अवसर पर म्यूजिक सिस्टम के सुचारू संचालन के लिए इन्वर्टर बैटरी भेंट की। विद्यालय स्टाफ व मुरलीधर मीणा द्वारा मेधावी छात्रों को प्रोत्साहन योजना अंतर्गत 21 हजार रूपए की राशि भेंट की। उक्त राशि बोर्ड कक्षा में प्रथम तीन वरीयता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को वितरित किए जाएंगे।

भूख हड़ताल पर बैठे अधिवक्ता

कोटपूतली। जिला कोटपूतली-बहरोड़ के मुख्यालय कोटपूतली में जिला एवं सत्र न्यायालय व इसके समकक्ष न्यायालय खुलवाने की मांग को लेकर जिला अभिभाषक संघ कोटपूतली के तत्वाधान में अधिवक्ताओं की पेन डाउन हड़ताल व धरना प्रदर्शन मंगलवार को लगातार 07 वें दिन भी जारी रहा।

इस दौरान अधिवक्ताओं ने अध्यक्ष एड. उदय सिंह तंवर के नेतृत्व में अपर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर से एसडीओ कोर्ट तक पैदल मार्च निकाला। साथ ही हड़ताल को बुधवार 19 फरवरी तक जारी रखने का सर्व सहमति से निर्णय लिया गया। इसके आगे की रणनीति बुधवार को राज्य सरकार द्वारा बजट प्रस्तुत किये जाने के बाद गुरूवार 20 फरवरी को तय की जायेगी। उम्मीद है कि बुधवार को आने वाले बजट में कोटपूतली में डीजे कोर्ट खोले जाने घोषणा कि जा सकरती है। मंगलवार को राजेन्द्र चौधरी, विजय सैनी, घनश्याम स्वामी, विक्रम सिंह कसाना, मुकेश यादव भूख हड़ताल पर रहे। साथ ही विराटनगर, नारायणपुर, पावटा के अभिभाषक संघ भी कोटपूतली में ही डीजे कोर्ट खुलवाये जाने की मांग को लेकर निरन्तर धरना प्रदर्शन व कार्य का बहिष्कार कर रहे है। इस दौरान धरना स्थल पर बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने कोटपूतली के विभिन्न सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, व्यापार संगठनों, जनप्रतिनिधियों व आमजन से भी उक्त आन्दोलन में सहयोग की अपील की है। वहीं स्थानीय व्यापार महासंघ ने उक्त मांग को अपना समर्थन भी दिया है। अधिवक्ताओं ने कहा कि अगर कोटपूतली की जायज मांग को नहीं माना गया तो आने वाले दिनों में अधिवक्ता आमरण अनशन पर मजबुर होगें। इस दौरान अध्यक्ष उदय सिंह तंवर, उपाध्यक्ष रंजीत सिंह वर्मा, सचिव हेमन्त शर्मा, कोषाध्यक्ष दिनेश शर्मा, रिछपाल चौधरी, सागरमल शर्मा, हजारीलाल यादव, मधुसुदन अग्रवाल, हरिशंकर चतुर्वेदी, जितेन्द्र रावत, रामकिशन शर्मा, अमरसिंह पुनियां, भोजराज यादव, राजकुमार मण्डोवरा, मनोज कुमार खाण्डा, रामावतार नाहर, विवेक त्यागी, बदलुराम चौधरी, सुशील यादव, अंकित स्वामी, ज्योति शर्मा, राजपाल चौधरी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे।

गांवों में सफाई व घर-घर कचरा संग्रहण

अलवर। पंचायती राज विभाग के सहायक आयुक्त रामचन्द्र सैनी ने अलवर व खैरथल तिजारा जिले में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत स्वच्छता सुनिश्चित करने हेतु ग्राम पंचायतों का दौरा कर घर-घर कचरा संठाहण व सफाई व्यवस्थाओं को देखा और ग्राम पंचायतों पर सफाई व्यवस्था सही नहीं मिलने पर व घर-घर कचरा संठाहण नहीं किए जाने पर विकास अधिकारियों को संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

सहायक आयुक्त रामचंद्र सैनी ने बताया कि पंचायत समिति उमरैण के गांव कस्बा डेहरा, रामगढ के ग्राम बहाला, मूनपुर तथा पंचायत समिति किशनगढबास के ग्राम किथुर, वल्लभग्राम, मुण्डावर के पेहल, ततारपुर, के मॉडल ग्रामों में संवेदक के माध्यम से सफाई टेण्डर के कार्य फार्मर रजिस्ट्री शिविर के दौरान हटाये जा रहे लीगेसी वेस्ट कार्यों तथा ग्राम पेहल में इंदिरा रसोई का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान मौके पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन की उचित व्यवस्था नहीं मिली तथा उक्त ग्राम पंचायतों के किसी भी ग्राम में घर-घर कचरा संठाहण नहीं मिला व नाली सफाई, सडक सफाई, सामुदायिक स्वच्छता परिसर की समुचित साफ-सफाई नहीं पाए जाने पर उन्होंने विकास अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए लापरवाह कार्मिकों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाएं जाने के लिए निर्देश दिए है।

इसी के साथ उन्होंने इन कार्यों के लक्ष्यों को अर्जित किये जाने के लिए जिला स्तरीय टीम एवं पंचायत समिति टीम को त्वरित गति से कार्य करने के भी निर्देशित किया हैं। इस दौरान जिला परियोजना समन्वयक अशोक कुमार सैनी, एसएलडब्लूएम खुशीराम सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

पदोन्नत डीईओ का किया सम्मान

शाहपुरा । क्षेत्र के ग्राम बिदारा में मंगलवार को सर्व समाज की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में राउमावि कल्याणपुरा के प्रधानाचार्य मुखराम चांदोलिया के जिला शिक्षा अधिकारी पद पर पदोन्नत होने पर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में डीईओ बने मुखराम चांदोलिया का बोदूराम वर्मा उपाध्यक्ष राजस्थान रैगर विकास समिति,छित्तर मल रैगर,सामाजिक कार्यकर्ता डॉ पूरणमल बुनकर,महेश कुमार वर्मा सहित ग्रामीणों ने माल्यार्पण,साफा व मिठाई खिलाकर सम्मान किया।

इस अवसर पर डीईओ चांदोलिया ने कहा कि युवाओं को प्रतियोगिता परीक्षाओं में शुद्ध प्रतिस्पर्धा करते हुए पूरी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास से तैयारी करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित ग्रामीणों व बालकों को मिठाई व फल वितरण किए। कार्यक्रम में विजय कुमार वर्मा, राकेश कुमार ब्रजवाल,ऐश्वर्य वर्मा,आशा देवी,गायत्री देवी,संतोष रातावाल,केसर देवी सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

कोटपूतली जिला अस्पताल में व्यवस्थायें बदहाल

कोटपूतली। युं तो केन्द्र की मोदी सरकार व राज्य की भजनलाल सरकार देश व राज्य में आमजन को सरकारी अस्पतालों में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं व व्यवस्थाएं देने के बड़े तमाम दावे व वादे किए जा रहे है। लेकिन सरकारी अस्पतालों के हालात कैसे है ये बयां करती तस्वीर से साफ देखा जा सकता है। जी हां हम बात कर रहे है कोटपूतली-बहरोड़ जिले के राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल की जहां इन दिनों वार्डो में ना केवल कुत्ते राउन्ड लगा रहे हैं। बल्कि सरकार व चिकित्सा विभाग द्वारा किये जा रहे तमाम दावों और वादों की धज्जीयां उड़ा रहे हैं। जिम्मेदारों के हालात यह है कि वे महज चिकित्सा संस्थानों के दौरे कर इन दिनों मीडीया में खुब सुर्खियां बटौर रहे है। किन्तु इन दिनों अस्पतालों के हालात खस्ता है चिकित्सक या तो समय पर अस्पताल नहीं पहुंचते हैं और यदि पहुंच भी जाते हैं तो मरीजों को ठीक से उपचार नहीं दे पा रहे हैं। कहने को तो अस्पताल में सुरक्षा गार्डों की भी व्यवस्था है लेकिन आखिर ये वर्दी धारी गार्ड चौकीदारी के नाम पर क्या कर रहे है? अस्पताल प्रशासन क्या कर रहा है? तमाम तरह के सवाल अस्पताल प्रशासन को घेर रहे है। लेकिन जिम्मेदार चादर तान कर सो रहे है। मरीज भय के साये में दिन-रात अस्पताल के कोने तलाश रहे है। कुत्ते इन दिनों अस्पतालों के वार्डो में राउन्ड कर रहे है। अस्पताल में भर्ती मरीजों को ही नहीं बल्कि नन्हीं जानों को भी कुत्ते नौचने का भय है। अस्पताल में कोई एक आध अवारा कुत्ता नहीं बल्कि पुरी फौज इन दिनों जच्चा-बच्चा वार्ड से लेकर मरीजों के बैड तक पहुंच रहे हैं इतना ही नहीं ये बेखौफ और बेरोकटोक अवारा कुत्ते वार्ड में जहां खाली बैड मिलता है वहां ना केवल आराम फरमाते है बल्कि मरीजों को पूरी तरह परेशान कर रहे है। यदि यही हालात रहे तो अस्पताल परिसर में छोटे बच्चों से लेकर बड़ों तक कुत्ते काटने की घटना से इन्कार नहीं किया जा सकेगा।

सांभर अधिशाषी अधिकारी को हाजिर होने के आदेश

सांभरझील, (निसं)। सांभर के अधिवक्ता योगेश कुमार शुक्ला की ओर से जनहित के मद्देनजर एवं निजी जानकारी हेतु मांगी गई आरटीआई में सूचना देने में भी नगर पालिका को किस प्रकार से गुरेज है इसका जीता जागता एक और उदाहरण सामने आया है। सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत मांगी सूचना में अनेक महत्वपूर्ण बिंदुओं से पालिका प्रशासन इतना घबराया हुआ है कि सूचना देने में जानबूझकर विलंब ही नहीं अपितु टालमटोल भी किया जा रहा है। इस कृत्य से परेशान होकर अधिवक्ता की ओर से राज्य लोक सूचना आयोग के समक्ष अपील पेश कर लोक सूचना अधिकारी अधिशाषी अधिकारी से सूचना दिए जाने हेतु अनुरोध किया गया। अपील पर मामले को गंभीरता से लेते हुए राज्य सूचना आयोग ने आरटीआई कार्यकर्ता द्वारा मांगी गई सूचना निश्चित अवधि में उपलब्ध करवाने की सुनिश्चितता करते हुए राज्य सूचना आयोग नोटिस के जरिये प्रत्यर्थी को निर्देशित किया है कि द्वितीय अपील का बिंदुवार अपीलोतर 21 दिन में आयोग को प्रेषित करे एक प्रति अपीलार्थी को रजिस्टर्ड डाक से भी भिजवाई जाए। इस मामले में राज्य सूचना आयोग की ओर से व्यक्तिगत उपस्थित होने अथवा प्रतिनिधि के माध्यम से दस्तावेजों के साथ अनुपस्थित रहने पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय लेने व अधिनियम 2005 की धारा 20 में दण्डित किये जाने का प्रावधान का भी उल्लेख किया गया है,आरटीआई कार्यकर्ता योगेश कुमार शुक्ला ने बताया कि उनके द्वारा नगर पालिका से जमीनों के रिकार्ड के लिए रजिस्टर के अवलोकन के पश्चात प्रमाणित प्रति, जारी किये गये पट्टो की खास जानकारी तथा सन 1925 से सन 2023 तक यदि किसी व्यक्ति विशेष की ओर से देवयानी तीर्थ पर श्री गिरिधर गोपाल जी मंदिर के सामने स्थित पुश्तैनी जायदाद श्री गिरिधर वाटिका के बाबत नोटिस व शिकायत की जानकारी मांगी गई थी, लेकिन निश्चित अवधि में नहीं देने के कारण मुझे यह दूसरी अपील पेश करनी पड़ी है।

- **आरटीआई में सूचना उपलब्ध नहीं करने का प्रकरण**

अलवर आरटीओ में डेढ माह से बंद पड़ा ट्रैक चालू

अलवर। पिछले डेढ़ महीने से विभागीय हटधर्मी के चलते बंद हुआ आरटीओ ऑफिस का ऑटोमेटिक ट्रैक कल से सुचारू कर दिया गया है। आज और कल जितने भी वाहन चालकों ने इस ट्रेक पर टाई दी वो भी फेल हो गए बताए है।

अलवर के इसट्रेक को बंद करवाने के लिए अधिकारियों ने इसको खराब बता कर जयपुर से मैनुअल लाइसेंस तक की परमिशन मांगी थी लेकिन वह मिल नही पाई वही विधानसभा के बजट सत्र के दौरान कही इसी बात को लेकर प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जूली कही सरकार से सवाल-जवाब नही कर ले इसी बात को लेकर विभाग ने ट्रेक को चालू कर दिया है। लेकिन इस ट्रैक में भारी गडबडझाला है और यही ट्रेक सुविधा शुल्क वसूलने की विभाग के लिए रीढ़ की हड्डी बना हुआ है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पिछले महीने जनवरी के प्रथम सप्ताह में लगातार हुए एसीबी के छापों के भय से अधिकारियों ने इस ट्रेक को ईमानदारी से चलाने का निर्णय लिया तो सभी अभ्यार्थी फेल होने लगे तो विभाग ने इसे तुरंत बंद कर दिया और यह अफवाह फैला दी कि ट्रैक मे गड़बड़ी हो गई है वही विभागीय तबादलों के दौर में अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नही दिया लेकिन राजस्थान दर्शन में लगातार विभाग की इस नाकामी को समाचार के रूप में पाठकों के सामने पेश किया जिसका नतीजा यह हुआ कि विभाग ने इसे खराब घोषित करने का प्रयास किया। विभाग ने देखा कि राजस्थान में कहीं जगह ट्रेक को खराब बता कर मैनुअल लाइसेंस बनाए जा रहे है तो हम अलवर में क्यों नही बना सकते सूत्रों ने बताया कि इसे अमली जामा पहनाने के लिए विभाग के आला अधिकारियों ने जयपुर तक ट्रेक पर मोटा खर्चा बता कर इसे बंद कर मैनुअल चलाने की मांग की ताकि निरीक्षक लाइसेंस को कागजी रूप देकर बना सके और मोटा सुविधा शुल्क वसूल कर सके जैसा कि ट्रैक बनने से पूर्व होता था। लेकिन विभाग के उच्च अधिकारियों ने इस मांग पर गौर नही किया। क्योंकि अभी ट्रेक को बने पांच साल भी नही हुए है और सरकार के इस ट्रेक को बनाने में करोड़ों रुपये खर्च हो चुके है आखिर उसे कंडम किस आधार पर घोषित किया जाए। सूत्र बताते है कि यहां पहले चिप इंडिया कंपनी इस ट्रेक को चलाती रही है करीब एक साल से इसका ठेका समाप्त हो चुका है तो विभाग ने इसे अपने अंडर मे ले लिया था लेकिन विभाग के पास इसे चलाने का हुनर नही था क्योंकि विभागीय बाबूओं के पास ट्रेक पर वाहन चलाने वालों को पास करने की कला नही थी इसको देख विभाग नेट्रेक के कर्मचारियों से हाथ मिलाते हुए उन्हे सुविधा शुल्क में से चालीस प्रतिशत हिस्सा देना तय कर कार्य को सुचारू चालू किया लेकिन हाल ही में तबादले होने के बाद विभाग ने प्राइवेट कंपनी के कथित कर्मचारियों से सम्पर्क समाप्त कर स्वयं स्तर पर ट्रेक चलाने का निर्णय लिया तो यह विभाग के लिए फ्लॉप हो गया अब सूत्रों के हवाले से खबर मिली है कि विभाग अब फिर से इन्ही प्राइवेट कथित लोगों से हाथ मिला कर ट्रेक चालू करने वाला है लेकिन विभाग का यह सपना पूरा नही होने दिया जाएगा।

मनोहरपुर में शाह समाज का 22 जून को सम्मेलन करने का लिया निर्णय

मनोहरपुर । कस्बे के ख़ाकिशाह मोहल्ले स्थित खाकिशाह बाबा के दिनांक 16 फरवरी को शाह समाज के सभी तीन गांव के लोगों की मौजूदगी में खाकी शाह बाबा मनोहरपुर में सम्मेलन को लेकर मीटिंग का आयोजन किया गया।जिसमें सर्वसहमति से दिनांक 22 जून 2025 को सम्मेलन किया जाएगा।इस दौरान खाकीशाह निवासी शकील शाह ने बताया कि सम्मेलन में शादी में जोडे की राशि जिसमें लड़के वाले की तरफ से 21 हजार व लड़की वाले की तरफ से 31 हजार रुपए की निर्धारित की गई।वही सम्मेलन में लड़के की आयु 21 वर्ष व लडकी की आयु 18 वर्ष की उम्र पूर्ण होने पर सहमति बनी।ओर बताया की सम्मेलन में इस उम्र से कम जोड़ा नहीं ली जाएगा।इस सम्मेलन में जोड़ों का राजस्ट्रेशन दिनांक 05 जून 2025 तक ही लिये जायेगें। इसके बाद में जोडे रजिस्ट्रेशन करना बंद हो जाएगा।इस सम्मेलन में दहेज का सामान बस्तुस्थिति के अनुसार दिया जावेगा।ओर मनोहरपुर में ही सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। यह मिटिंग का प्रस्ताव तीन गाँव सब थोक की सहमति से लिया गया ओर इस मीटिंग में लिए गए निर्णय का सभी समझान बंधुओं ने समर्थन किया। इस अवसर पर सभी शाह समाज के लोग मौजूद रहे।

शाह बाबा मनोहरपुर में सम्मेलन को लेकर मीटिंग का आयोजन किया गया।

सौंपा ज्ञापन

मालपुरा (निस) बीते दिनो पचेवर थाना क्षेत्र के बरोल गांव मे एक छात्र द्वारा आत्महत्या करने से पूर्व लिखे गये सुसाईड नोट मे विद्यालय की दो शिक्षको व दो ग्रामीणो को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराने के बाद पुलिस ने चारो जनो के विरूद्ध मामला दर्ज किया। मंगलवार को राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम अमित चौधरी को ज्ञापन सौंप जांच होने तक गिरफ्तारी रोकने की मांग की।

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या श्रीमती शशिकला टेतर पत्नि स्व. श्री जगदीश प्रसाद टेतर, निवासी प्लाट नं. 18, पंचोली विहार, हेम मार्ग, न्यू सांगानेर रोड, जयपुर का पुत्र अंकित टांक व उसकी पत्नि गुरप्रीत कौर मेरी अभिभाष्या को अत्यधिक हैरान परेशान करते है तथा उनके कहने में नही है, इसलिए मेरी अभिभाष्या ने अपने पुत्र अंकित टांक व उसकी पत्नि गुरप्रीत कौर को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है तथा इनका अब मेरी अभिभाष्या से किसी भी प्रकार का कोई सम्बन्ध व सरोकार नही रहा है। इनके द्वारा यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सरकारी व अर्द्ध सरकारी विभाग से किसी प्रकार कोई लेन देन, ऋण या अन्य कोई संव्यवहार किया जाता है तो उनकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी। मेरी अभिभाष्या की किसी प्रकार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। सूचित रहें।
(लोकेश गौड़) एडवोकेट, मो.नं. 7737238783

खोया पाया
आवास संख्या 31/55/04, मानसरोवर, जयपुर का नियमितिकरण एव मूल अदेय प्रमाण पत्र गिर/ गुम हो गया मिलने पर सूचित करे। कुसुम प्रजापत मो. 8949463592

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक:एफ(1)जविप्रा/उपा/जोन-11/2025/डी 5033 दिनांक-18/2/25
सार्वजनिक सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री यशोवर्धन सिंह गौर पुत्र श्री रविन्द्र पाल सिंह के द्वारा सेज पुनर्वास योजना ग्राम झांई के आवासीय भूखण्ड संख्या ए-542 क्षेत्रफल 50 वर्गमीटर की लीजडीड हेतु आवेदन किया गया है। श्रीमती गिरिजा शर्मा पत्नी श्री पदमेश द्वारा लॉटरी से आवंटित सेज पुनर्वास योजना ग्राम झांई के आवासीय भूखण्ड संख्या ए-542 क्षेत्रफल 50 वर्गमीटर भूमि के प्रति श्री हर्षवर्धन सिंह पुत्र श्री रविन्द्रपाल सिंह को मुख्तयारआम नियुक्त किया गया। श्री हर्षवर्धन सिंह पुत्र श्री रविन्द्रपाल सिंह बहॅसियत मुख्तयारआम श्रीमती गिरिजा शर्मा पत्नी श्री पदमेश द्वारा सेज पुनर्वास योजना ग्राम झांई के आवासीय भूखण्ड संख्या ए-542 क्षेत्रफल 50 वर्गमीटर भूमि रजिस्टर्ड विक्रय पत्र से श्री यशोवर्धन सिंह गौर पुत्र श्री रविन्द्र पाल सिंह को विक्रय कर दी गई। अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड के नाम हस्तांतरण/लीजडीड किये जाने के संबंध में किसी व्यक्ति / फर्म/ कम्पनी/संस्था एवं अन्य को आपत्ति हो तो यह सूचना जारी होने के 7 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें।
उपायुक्त जोन-11 जविप्रा, जयपुर

Lost & Found
I,Ramesh Kumar Verma, resident of Hasampura, Bhankrota, Jaipur, have lost the JDA-approved Niji khatedari Jointly signed by me and Mr.Ajay Kumar Bairwa for Khasra Nos. 307(1.28 hect), 308 (0.58 hect), and 309(0.61 hect) plot details along with their signed receipts. Plot No(s). (In Square Yard)-C6: (288.41),02:(161.58),03:(161.58),24:(134.65), 48:(111.11), Plot No.50:(111.11) 60:(111.11),61:(111.11), 62:(111.11), 63:(111.11),65:(111.11), 74:(111.11), 75: (111.11), in Manglam Park Regency, Village Panwaliya, Sanganer, Jaipur. Lost between Shyam Nagar Bhankrota - Hasampura ,If found, Contact: 8769226662. Any individual or entity found in misusing, or attempting to fraudulently transfer these properties will be subject to strict civil and criminal legal proceedings.

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 46/2025
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री ओमप्रकाश ढोंडीयाल पुत्र श्री रामप्रसाद ढोंडीयाल निवासी 416 देवी नगर, न्यू सांगानेर रोड, सोडाला, जयपुर 302019 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत सहयोग संस्था कार्यालय पता प्लॉट नं. 416, देवी नगर, न्यू सांगानेर रोड, सोडाला, जयपुर 302019 ने राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले मे निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 11.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइद्दा तारीख पेशी 23.04.2025
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग जयपुर

कार्यालय उपायुक्त झोटवाडा जोन नगर निगम ग्रेटर जयपुर
(तारानगर-डी खिरणी फाटक, झोटवाडा जयपुर)
क्रमांक-एफ-03(1) झोटजोऐ0/2025/1926 दिनांक : 18/02/2025
सार्वजनिक सूचना मूल भूखण्ड संख्या 15 वैशाली एनक्लेव, ग्रीर्ड लेण्ड स्कूल (मित्र गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड) जयपुर का सुश्री विशाखा चौखानी पुत्र श्री गौरी शंकर चौखानी ने उक्त भूखण्ड का पट्टा चाहने बाबत आवेदन किया है। आवेदित भूखण्ड मित्र गृह निर्माण सहकारी समिति द्वारा 555.55 वर्गगज का आवंटन किया गया है। आवंटन पत्र में उक्त भूखण्ड की संख्या 15 दर्शायी गई है। इनको उक्त भूखण्ड संख्या 15 का पट्टा दिये जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। जो कि सुश्री विशाखा चौखानी पुत्र श्री गौरी शंकर चौखानी निवासी प्लेट नं. 107, पार्क वैशाली नगर, गौतम मार्ग वैशाली नगर जयपुर के द्वारा जरिये विक्रय पत्र से क्रय किया है। उक्त पट्टा मुख्य सोसायटी द्वारा श्रीमती कान्ता देवी पत्नी श्री सेठ सुन्दर लाल जैन के नाम 16. 08. 1999 में आवंटन जारी किया गया था। जिसके पश्चात उक्त भूखण्ड श्री चन्द्र कुमार जैन पुत्र श्री सेठ सुन्दर लाल जैन के नाम से दिनांक 29.01.1995 के द्वारा नाम हस्तान्तरण किया गया था। इसके पश्चात श्री चन्द्र कुमार जैन की मृत्यु दिनांक 19.03.2016 को हो जाने के पश्चात श्री चन्द्र कुमार के वारिसान श्रीमती मोहनी जैन पत्न